पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश में एग्रीगेटर के रूप में कार्यरत कम्पनियों के प्रतिनिधियों तथा एनसीआर व लखनऊ के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक हुई

## ऑनलाइन एप्लीकेशन के लिए विकसित किये गये पोर्टल upmyfleet.com का लाइव डेमो किया गया

लखनऊ : 21 अगस्त, 2026

उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त श्री आशुतोष निरंजन की अध्यक्षता में परिवहन आयुक्त कार्यालय में आज उत्तर प्रदेश में एग्रीगेटर के रूप में कार्यरत कम्पनियों के प्रतिनिधियों तथा एनसीआर व लखनऊ के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक हुई। उक्त बैठक में ऑनलाइन एप्लीकेशन के लिए विकसित किये गये पोर्टल upmyfleet.com का लाइव डेमो पोर्टल के डेवलेपर टीम द्वारा किया गया।

परिवहन आयुक्त ने बताया कि पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से एग्रीगेटर के लाइसेंस हेतु एक आवेदन भी सफलतापूर्वक पंजीकृत हो चुका है। एग्रीगेटर के रूप में कार्यरत कम्पनियों के प्रतिनिधियों के द्वारा अवगत कराया गया कि पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने के सम्बन्ध में कोई बाधा नहीं है। सभी के द्वारा आगामी 03–04 दिन के अन्दर आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिये जाने के लिए आश्वस्त किया गया।

परिवहन आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को एग्रीगेटर के रूप में कार्यरत सभी कम्पनियों को यथाशीघ्र एग्रीगेटर लाइसेंस से आच्छादित कराये जाने हेतु समुचित कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्री के निर्देश हैं कि आम जनता के हित में जो भी जरूरी कदम हो, उसे फंक्शनिंग किया जाय। इसी के दृष्टिगत आज की बैठक आहूत की गई थी।

---

सम्पर्क सूत्र– आशीष सिंह

राघवेन्द्र / 06:00 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in